# आलू बुवाई हेतु अक्टूबर महीना सर्वोत्तम

## सफेद आलू में विटामिन सी व पोटैशियम पर्याप्त मात्रा में होता है





डीटीएनएन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह द्वारा जारी निर्देश के क्रम में आज कल्याणपुर स्थित साग भाजी अनुभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर राम बटुक सिंह ने बताया कि सब्जियों में आलू का महत्वपूर्ण स्थान है।क्योंकि आलू को सब्जियों का राजा कहा गया है। डॉ सिंह ने बताया कि आलू में बहुत ही अच्छी मात्रा में पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं जो स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी हैं। उन्होंने बताया कि आलू में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट,मिनरल और विटामिंस आदि पाए जाते हैं उन्होंने कहा कि आलू में लगभग 79त्न पानी तथा 17त्न कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है सफेद आलू में विटामिन सी व पोटैशियम पर्याप्त मात्रा में होता है। उन्होंने कहा कि



आलू का वैश्विक उत्पादन 356 मिलियन टन जबकि भारत में 45 मिलियन टन उत्पादन होता है डॉ सिंह ने बताया कि आलू की बुवाई का सबसे उचित समय अक्टूबर का महीना होता है।साथ ही किसानों को सलाह दी है कि बुवाई हेतु आलू को कोल्ड स्टोर से एक-दो हफ्ते पहले निकाल कर बाहर रख लें तत्पश्चात बीजों को शोधित करने के उपरांत बुवाई कर दें। जिससे रोग लगने की संभावना कम रहती है अगेती प्रजाति जैसे कुफरी चंद्रमुखी, कुफरी ज्योति, कुफरी बाहर मध्यम प्रजातियां जैसे कुफरी सिंदूरी, कुफरी लालिमा एवं पछेती प्रजातियां जैसे कुफरी जवाहर एवं कुफरी बादशाह इत्यादि हैं। डॉ सिंह ने बताया कि यदि किसान वैज्ञानिक विधि से आलू की खेती करते हैं तो 20 से 30 कुंतल प्रति हेक्टेयर तक उत्पादन प्राप्त होगा।

# आलू बुवाई हेतु अक्टूबर माह सर्वोत्तमः राम बटुक





कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह द्वारा जारी निर्देश के क्रम में आज कल्याणपुर स्थित साग भाजी अनुभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर राम बटुक सिंह ने बताया कि सब्जियों में आलू का महत्वपूर्ण स्थान है। क्योंकि आलू को सब्जियों का राजा कहा गया है। डॉ सिंह ने बताया कि आलू में बहुत ही अच्छी मात्रा में पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं जो स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी हैं। उन्होंने बताया कि आलू में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट,मिनरल और विटामिंस आदि पाए जाते हैं उन्होंने कहा कि आलू में लगभग 79 प्रतिशत पानी तथा 17 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है सफेद आलू में विटामिन सी व पोटैशियम पर्याप्त मात्रा में होता है। उन्होंने कहा कि आलू का वैश्विक उत्पादन 356 मिलियन टन जबकि भारत में 45 मिलियन टन उत्पादन होता है डॉ सिंह ने बताया कि आलू की बुवाई का सबसे उचित समय अक्टूबर का महीना होता है।साथ ही किसानों को सलाह दी है कि बुवाई हेतु आलू को कोल्ड स्टोर से एक-दो हफ्ते पहले निकाल कर बाहर रख लें तत्पश्चात बीजों को शोधित करने के उपरांत बुवाई कर दें। जिससे रोग लगने की संभावना कम रहती है अगेती प्रजाति जैसे कुफरी चंद्रमुखी, कुफरी ज्योति, कुफरी बाहर मध्यम प्रजातियां जैसे कुफरी सिंदूरी, कुफरी लालिमा एवं पछेती प्रजातियां जैसे कुफरी जवाहर एवं कुफरी बादशाह इत्यादि हैं। डॉ सिंह ने बताया कि यदि किसान वैज्ञानिक विधि से आलू की खेती करते हैं तो 20 से 30 कुंतल प्रति हेक्टेयर तक उत्पादन प्राप्त होगा।



आलू का वैश्विक उत्पादन 356 मिलियन टन जबकि भारत में 45 मिलियन टन उत्पादन होता है डॉ सिंह ने बताया कि आलू की बुवाई का सबसे उचित समय अक्टूबर का महीना होता है।साथ ही किसानों को सलाह दी है कि बुवाई हेतु आलू को कोल्ड स्टोर से एक-दो हफ्ते पहले निकाल कर बाहर रख लें तत्पश्चात बीजों को शोधित करने के उपरांत बुवाई कर दें। जिससे रोग लगने की संभावना कम रहती है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक
डॉक्टर राम बटुक सिंह